Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:20 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:27 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 236 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 16 मार्च 2026
रेड कारपेट पर छाए निक-प्रियंका...पेज-3 पर

## बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में 20 से 31 मार्च तक विशेष शिविर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के 24 फरवरी 2026 के आदेश के बाद पुनर्वास प्रक्रिया को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर बनभूलपुरा क्षेत्र में 20 मार्च से 31 मार्च 2026 तक विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय हल्द्वानी में प्रशासन, पुलिस, रेलवे और विधिक सेवा प्राधिकरण के



अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में सदस्य सचिव प्रदीप कुमार मणि त्रिपाठी ने बताया कि बनभूलपुरा क्षेत्र के छह स्थानों— हल्द्वानी रेलवे स्टेशन, अंजुमन इस्लामिया बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय किदवई नगर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनभूलपुरा, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बनभूलपुरा, राजकीय इंटर कॉलेज बनभूलपुरा और मदरसा नैनीताल पब्लिक स्कूल— में पुनर्वास शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक प्रभावित परिवारों तक पहुंचकर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के अनुसार क्षेत्र में करीब 4300 से अधिक परिवार निवास करते हैं। प्रयास रहेगा कि विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायिक अधिकारियों, रेलवे और प्रशासन की संयुक्त टीम प्रत्येक परिवार तक पहुंचे और पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन करने में सहायता प्रदान करे। लक्ष्य है कि 31 मार्च 2026 तक पूरी प्रक्रिया पूरी कर सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि मंगलवार से बनभूलपुरा क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही सभी शिविरों में भी पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने निर्देश दिए कि इस अभियान में स्थानीय पार्षदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी मदद ली जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंच सके। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्रों के वितरण और पात्रता की जांच की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। बैठक से पहले राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सभी प्रस्तावित शिविर स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, उप सचिव अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल थपलियाल, पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेयी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, तहसीलदार कुलदीप पांडे सहित रेलवे और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने 7 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसे कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश करने की तैयारी है। मुखानी थाना पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान कमलुवागांजा क्षेत्र में एक युवक संदिग्धावस्था में दिखा। जो पास आने का इशारा करने पर भागने की कोशिश करने लगा। जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। तलाशी में उसके कब्जे से 7 ग्राम स्मैक बरामद हुई। तस्कर ने अपना नाम हेम चन्द्र पाठक निवासी मां गिरजा विहार कालौनी थाना मुखानी बताया। पुलिस ने तस्कर को एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया है।

### अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान रामपुर रोड गली नं0 03 में बिना नम्बर प्लेट के स्कूटी को शक के आधार पर रोका। जिसमें रखे गए थैले की तलाशी में दो पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इस पर तस्कर कमल निवासी चम्बल पुल दमुवाढुंगा को गिरफ्तार किया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चौतरफा दबाव

## मदद नहीं मिलने पर राष्ट्रपति ट्रंप ने सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति पश्चिम एशिया संकट में नाटो देशों का साथ नहीं मिलने से नाराज हैं। अब उन्होंने नाटो देशों को चुनौती देते हुए कहा है कि नाटो का भविष्य बहुत अच्छा नहीं है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है। एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इस्राइल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रंप घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रंप को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रंप ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है। एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रंप ने कहा, यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश



ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। ट्रंप ने कहा, हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इस्राइल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इस्राइल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है। अमेरिकी तेल कंपनियों ने भी इसे लेकर चिंता जताई है और ट्रंप से अपील की है कि अगर जल्द ही कोई रास्ता नहीं निकला तो हालात बदतर हो सकते हैं।

## 23 मई 2026 को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

देहरादून
हमारे संवाददाता

हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को खुलेंगे। हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव आनंदवर्धन से आगामी तीर्थयात्रा सीजन की तैयारियों पर चर्चा के लिए मुलाकात की। विस्तृत विचार-विमर्श और मौसम स्थितियों का आकलन करने के बाद दोनों पक्षों ने पवित्र गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार, 23 मई को खोलने पर आपसी सहमति व्यक्त की है।

हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को खुलेंगे। हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव आनंदवर्धन से आगामी तीर्थयात्रा सीजन की तैयारियों पर चर्चा के लिए मुलाकात की। विस्तृत विचार-विमर्श और मौसम स्थितियों का आकलन करने के बाद दोनों पक्षों ने पवित्र गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार, 23 मई को खोलने पर आपसी सहमति व्यक्त की है। यह निर्णय पिछले वर्षों की तुलना में कम बर्फबारी होने के कारण संभव हुआ है, जिससे जलवायु परिस्थितियां यात्रा के शीघ्र आरंभ के लिए अनुकूल सिद्ध हो रही हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण इस वर्ष कम बर्फ पड़ी है, लेकिन मौसम अप्रत्याशित रहता है। पिछले वर्षों के रुझान को ध्यान में



रखते हुए, यात्रा को इस वर्ष थोड़ा पहले आरंभ करने का निर्णय ट्रस्ट द्वारा लिया गया है। इस वर्ष चारधाम के पवित्र मंदिरों के कपाट अप्रैल माह में खोले जाने का कार्यक्रम निर्धारित है।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि उत्तराखंड सरकार चारधाम और हेमकुंड साहिब आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि उत्तराखंड सरकार चारधाम और हेमकुंड साहिब आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## अवैध कॉल सेंटर मामले में सिलीगुड़ी-हावड़ा समेत 10 ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली
एजेंसी

पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। जांच एजेंसी की टीमों ने राज्य के अलग-अलग कई इलाकों में छापेमारी की। यह पूरी कार्रवाई एक अवैध कॉल सेंटर चलाने और लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले से जुड़ी है।

अधिकारियों ने बताया कि सिलीगुड़ी, हावड़ा, बिधाननगर और दुर्गापुर जैसे इलाकों में करीब 10 जगहों पर तलाशी ली गई। इस मामले में सुरश्री कर, सम्राट घोष और सुभजीत चक्रवर्ती के नाम मुख्य रूप से सामने आए हैं। एजेंसी इन लोगों और इनके साथियों के ठिकानों पर जरूरी सबूत तलाश रही है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने कॉल सेंटर के जरिए बहुत से मासूम लोगों को अपना शिकार बनाया और उनसे बड़ी रकम ठगी है। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि इस मामले का कोई संबंध चुनावी फंडिंग या राजनीति से है या नहीं। जांच एजेंसी हर पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है।

ईडी के अधिकारी जब्त किए गए दस्तावेजों और सामानों की जांच कर रहे हैं ताकि इस गिरोह की पूरी सच्चाई सामने आ सके। यह छापेमारी एसे समय में हुई है जब बंगाल में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमाया हुआ है। चुनाव आयोग ने हाल ही में राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी तेज रफ्तार कार, नैनीताल निवासी समेत चार युवकों की मौत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

मुरादाबाद में हुए सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। सभी दिल्ली की तरफ जा रहे थे। गंभीर रूप से जख्मी एक युवक को अस्पताल पहुंचाया गया है।

लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर रामपुर की तरफ से आ रही कार ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। उनकी पहचान नैनीताल जिले के निवासी के तौर पर हुई है। लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर रामपुर की तरफ से आ रही कार ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। उनकी पहचान नैनीताल जिले के निवासी के तौर पर हुई है। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर



निकाला। इसके बाद मूंढापांडे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने कार सवार पांच युवकों में से चार को मृत घोषित कर दिया।

एक युवक गंभीर रूप से घायल है। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीओ हाईवे राजेश कुमार ने बताया कि हादसे मे दयाल रावत निवासी वीमिला कंपाउंड पालीवाल नैनीताल, अनिल नेगी (38), सुंदर सैनी (42), भुवन भंडारी(37)हल्द्वानी की जान चली गई। चालक यशदीप पांडे निवासी हल्द्वानी गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक भाग निकला।

# मौसमः ओलावृष्टि व बारिश से ठंड में इजाफा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। पिछले कई दिनों से शुष्क मौसम और हल्की धुंध के बीच लोग साफ आसमान देख रहे थे लेकिन रविवार की सुबह अचानक हल्की बारिश शुरू हो गई, कुछ ही देर में आसमान में घने बादल घिर आए और ओलावृष्टि ने मौसम को और ठंडा कर दिया।

इस दौरान शहर में घूमने आए पर्यटक और स्थानीय लोग इस अचानक बदले मौसम को देखकर हैरान रह गए, बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने लगीं जिससे सुबह का तापमान तेजी से गिर गया और लोगों को फि र से हल्की ठंड का अहसास होने लगा।

रविवार सुबह हुई हल्की बारिश के बाद अचानक ओले गिरने लगे जिससे कई जगहों पर सड़ों और छतों पर सफेद परत सी नजर आने लगी। पहाड़ी शहर में इस मौसम बदलाव ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। कुछ समय तक तेज ओलावृष्टि हुई जिससे ठंडक काफ ी बढ़ गई, मौसम के इस बदले रूप ने पर्यटकों को भी आकर्षित किया। कई लोग इस अनोखे मौसम को अपने कैमरे में कैद करते नजर आए।







# लेक सिटी वेलफेयर क्लब की कविता अध्यक्ष व डा. प्रगति जैन को सचिव बनी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर कलब की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को गोवर्धन हाल में चुनाव अधिकारी रेखा त्रिवेदी की देखरेख में हुआ।

बता दें नई कार्यकारिणी के लिए सर्वसमिति से कविता त्रिपाठी को अध्यक्ष, दीपा पांडे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष जबकि दया कुंवर को कनिष्क उपाध्यक्ष जबकि डा. प्रगति जैन को सचिव की जिममेदारी सौंपी गयी। इसके साथ ही रमा लोहनी को उपसचिव वहीं रमा भट्ट को कोषाध्यक्ष जबकि अनुराधा भट्ट को मीडिया प्रभारी वहीं तुसी शाह को सांस्कृतिक सचिव जबकि जया वर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी तो हेमा भट्ट को संस्थापिका तथा रानी शाह को कोऑर्डिनेटर तथा आभा शाह को संरक्षक मनोनीत किया गया।

बैठक में विनीता पांडे, ज्योति ढौंडियाल, आशा पांडे, रेखा, अमिता शेरवानी, मानसि गर्ग, जूही अग्रवाल, बंदना जोशी, संगीता श्रीवास्तव, सरस्वती शिराला, कविता गंगोला,दीपिका बिनवाल, डा.पल्लवी व वंदना जोशी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# शिल्पकार सभा नैनीताल की बैठकः अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों पर चर्चा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शिल्पकार सभा नैनीताल की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चंद्रा की अध्यक्षता व महामंत्री राजेश लाल के संचालकत्व में आयोजित हुई।

बैठक का मुखय एजेंडा आगामी 14 अप्रैल (मंगलवार) को भारत रत्न व संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना था।बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डा. रमेश चंद्रा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को गरिमामय एवं प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों से कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उनके सुझाव एवं विचार आमंत्रित किए गए। सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा एवं महत्वपूर्ण निर्णय अगले रविवार 22 मार्च को आयोजित होने वाली बैठक में लिए जाएंगे। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, मंत्री अनिल कुमार गोरखा, लेखा परीक्षक संजय कुमार, मीडिया प्रभारी सुरेश चंद्र, इंदर कुमार, महेश चंद्र, अनिल कुमार व अजय कुमार सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।



## NEWS / फटाफट

### नैनीताल के रिक्शा स्टैंड पर संदिग्ध लोगों का कब्जा

**नैनीताल** । नगर में कुमांऊनी शैली में बनाए गए रिक्शा स्टैंड की सुंदरता पर इन दिनों संदिग्ध लोगों ने कब्जा जमा लिया है। रिक्शा स्टैंड में इन लोगों के डेरा जमाने से यहां गंदगी फैल रही है और पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह रिक्शा स्टैंड पुलिस और नगर पालिका के कार्यालय के सामने ही स्थित है, इसके बावजूद अब तक यहां से इन लोगों को हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर यहां संदिग्ध व छोटे छोटे बच्चे बैठे रहते हैं जिससे क्षेत्र की छवि भी खराब हो रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पर्यटन नगरी की सुंदरता बनाए रखने के लिए रिकशा स्टैंड को अतिक्रमण और अव्यवस्था से मुक्त कराया जाए। मामले में एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि जल्द ही पालिका और पुलिस की ओर से अभियान चलाकर रिकशा स्टैंड में अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाया जाएगा और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

### बारिश से जंगलों में आग का खतरा कम

**नैनीताल** । नैनीताल व आसपास के क्षेत्रों में रविवार को हुई बारिश से जंगलों में आग लगने का खतरा फिलहाल कम हो गया है। बारिश के बाद जंगलों में नमी बढ़ने से वन विभाग ने भी राहत की सांस ली है। दरअसल बरसात के बाद लंबे समय तक बारिश नहीं होने के कारण जंगलों में सूखे पत्तों और घास की मात्रा बढ़ गई थी, जिससे आग लगने की आशंका बनी हुई थी। इसे देखते हुए वन विभाग संभावित आग की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा था। विभागीय टीम सड़कों के किनारे जमा सूखे पत्तों की सफाई करने के साथ ही सुबह.शाम जंगलों में गश्त कर स्थिति पर नजर रख रही थी। रविवार को हुई बारिश ने जंगलों को तर कर दियाए जिससे आग लगने का खतरा काफी हद तक कम हो गया है। बारिश के बाद जंगलों में नमी बढ़ने से फिलहाल आग की घटनाओं की आशंका भी कम हो गई है। एसडीओ ममता चंद ने बताया कि बारिश होने से कुछ दिनों के लिए जंगलों में आग लगने का खतरा टल गया है। उन्होंने कहा कि इस बारिश से क्षेत्र के पानी के स्रोतों और गधेरों को भी लाभ मिलेगा व जिससे वन्य जीवों को भी राहत मिलेगी।

### पुलिस का अभियान,25 वाहन चालक आए लपेटे में

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में सड़कों पर अवैध रूप से पार्क किए जा रहे वाहनों के कारण यातायात प्रभावित होने पर पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया और नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने तल्लीताल गांधी चौक, मॉलरोड और हल्द्वानी रोड क्षेत्रों में मुनादी कर वाहन चालकों को सड़क से अपने वाहन हटाने की चेतावनी दी। इसके बाद भी नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 25 वाहन चालकों के चालान किए। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि सड़क पर पार्क किए गए वाहनों के कारण यातायात बाधित होता हैए जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### नैनीताल के डीएसए महासचिव जोशी का किया स्वागत



**नैनीताल** । एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा डीएसए के नव नियुक्त महासचिव मनोज जोशी जी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहित पंत, उत्कर्ष बिष्ट, चेतन बिष्ट, शिवेश कुमार, जयवर्धन देव चौहान और मानस नैनवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती और छात्र हितों के लिए कार्य करने का संकल्प भी लिया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा**
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मल्लीताल राजमहल कंपाउंड से हटाया गया कूड़े का अंबार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**अभियान**

- **शिकायतों के बाद नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान**

नगर के मल्लीताल स्थित राजमहल कंपाउंड में लंबे समय से लगे कूड़े के अंबार को आखिरकार नगर पालिका ने साफ कर दिया है। क्षेत्र में शिकायतें सामने आने और प्रशासन के निर्देशों के बाद पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर सफाई अभियान चलाया और यहां जमा कचरे को हटाया। बता दें कि राजमहल कंपाउंड क्षेत्र में करीब एक वर्ष से लगातार कूड़ा फेंका जा रहा था। हालात यह हो गए थे कि यहां दर्जनों ट्रक के बराबर कचरा जमा हो गया था। स्थानीय लोगों ने कई बार नगर पालिका, प्रशासन और सीएम पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई थी। कूड़े का कुछ हिस्सा नालों के माध्यम से नैनी झील की ओर बहने लगा थाए जिससे झील के प्रदूषण का खतरा भी बढ़ गया था। मामला सामने आने के बाद नगर पालिका की टीम ने क्षेत्र में पहुंचकर सफाई अभियान चलाया और जमा कूड़े को हटाया। सफाई के दौरान कूड़े को वाहनों के माध्यम से उठाकर निस्तारण के लिए भेजा गया। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में सफाई होने पर राहत की बात कही है। हालांकि उन्होंने नगर पालिका से अपील की है कि भविष्य में क्षेत्र में नियमित रूप से कूड़ा उठाया जाए और यहां कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सखत कार्रवाई की जाए ताकि दोबारा ऐसी स्थिति न बने। दूसरी ओर पालिका के सभासद अंकित चंद्रा ने कहा कि क्षेत्र में कूड़ा जमा होने की शिकायत मिलने के बाद नगर पालिका की टीम को मौके पर भेजकर सफाई कराई गई है। आगे भी नियमित निगरानी की जाएगी और कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने सट्टा लगाते युवक को गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी।** पुलिस ने गश्त के दौरान सट्टा लगाते एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से हजारों रुपए की नगदी सहित सट्टे में प्रयुक्त पर्चियां बरामद की है पुलिस वो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उच्च न्यायालय में पेश किया है

बनभूलपुरा थाना पुलिस के अनुसार शनिवार शाम कांस्टेबल सुच्चा सिंह अपने हमराही कांस्टेबल लक्ष्मण राम के साथ थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में अपराध रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की तलाश में गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस टीम निजी वाहन से ला.नं. 17 से बड़ी रोड होते हुए इंद्रानगर फाटक और गौला बाईपास की तरफ जा रही थी।पुलिस को वर्दी में देखकर वहां मौजूद लोग भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक को पकड़ लिया।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम शंकर गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता निवासी आवला चौकी के पास, गौला गेट, बताया।

# बोलेरो कार ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत,दूसरा गंभीर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बीते शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, थी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा काठगोदाम थाना क्षेत्र के रानीबाग स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी मोहम्मद यासीन अपने फुफेरे भाई मोहम्मद उमर के साथ 14 मार्च को भीमताल से मोटरसाइकिल से रामपुर लौट रहे थे।

जब वे रानीबाग स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास पहुंचे, तभी हल्द्वानी की ओर से भीमताल की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार बोलेरो कार जिस पर उत्तराखण्ड सरकार लिखा हुआ था, ने लापरवाही से बस को ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मोहम्मद यासीन की मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल मोहम्मद उमर की हालत नाजुक बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है।

घटना के समय वहां मौजूद कई लोगों ने हादसे को अपनी आंखों से देखा। मृतक के भाई मोहम्मद रफी निवासी नई बस्ती बमनपुरी, रामपुर ने थाना काठगोदाम में तहरीर देकर बोलेरो चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद दोषी चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अभिमत

## व्यापक असर

*दीर्घकाल तक युद्ध के दुष्प्रभाव सामने आयेंगे। युद्ध में किसी भी तरह से लिप्त नहीं होने के बावजूद भारत पर युद्ध शुरू होने के दो सप्ताह में ही परिस्थितियां बदल गई हैं। हालांकि सरकार आश्वस्त कर रही है कि हालात का मुकाबला करने को तैयार है। पेट्रोलियम मंत्री का कहना है कि युद्ध के दौरान कच्चा तेल लाने के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग किया जा रहा है और नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जायेगा। उधर रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में वृद्धि के साथ ही समय सीमा निर्धारित कर दी गई है। देश की पूरी अर्थव्यवस्था ऊर्जा पर निर्भर है।*

हमेशा कहा जाता है कि युद्ध में किसी की जीत नहीं होती है, फिर भी युद्ध होते रहे हैं। अमेरिका को ईरान पर हमले के लिए रोकने का प्रयास किया गया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आक्रामक रुख नहीं छोड़ा और ईरान पर हमला कर दिया। इजरायल समेत कई देश युद्ध में शामिल हो गये। युद्धरत देशों को प्रत्यक्ष रूप से नुकसान हो रहा है, परन्तु परोक्ष तौर पर पूरे विश्व पर व्यापक असर पड़ा है। दीर्घकाल तक युद्ध के दुष्प्रभाव सामने आयेंगे। युद्ध में किसी भी तरह से लिप्त नहीं होने के बावजूद भारत पर युद्ध शुरू होने के दो सप्ताह में ही परिस्थितियां बदल गई हैं। हालांकि सरकार आश्वस्त कर रही है कि हालात का मुकाबला करने को तैयार है। पेट्रोलियम मंत्री का कहना है कि युद्ध के दौरान कच्चा तेल लाने के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग किया जा रहा है और नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जायेगा। उधर रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में वृद्धि के साथ ही समय सीमा निर्धारित कर दी गई है। देश की पूरी अर्थव्यवस्था ऊर्जा पर निर्भर है। भारत को अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करना पड़ता है। कच्चे तेल के मूल्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 30 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है, जिससे पूरे विश्व में संकट उत्पन्न हो गया है। युद्ध का खाड़ी के देशों पर सबसे अधिक असर हुआ है। तेल निर्यातक देशों में उत्पादन कम हो गया है। ईरान का कहना है कि अमेरिका पेट्रोलियम के भंडारों को निशाना बना रहा है। तेल के भंडार वाले देशों पर हमला करके खाड़ी के देशों को विभाजित करने की साजिश रची गई है। पाकिस्तान में कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम लागू किया गया है। स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय बंद कर दिये गये हैं। भारत में तेल का भंडार महीनों तक आपूर्ति करने की स्थिति में नहीं है। घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति में बैकलॉग हो गया है। बुकिंग के आठ दिन बाद आपूर्ति की जायेगी, जबकि युद्ध शुरू होने से पहले बुकिंग करते ही तत्काल सिलेंडर मिल जाता था। गैस सिलेंडर बुक कराने के लिए 25 दिन का समय निर्धारित किया गया है। गैस सिलेंडर की आपूर्ति में कटौती से कई महानगरों में होटल बंद हो रहे हैं। गैस आधारित बिजलीघरों में उत्पादन प्रभावित होने से अन्य उद्योगों में ऊर्जा संकट गंभीर हो रहा है। सड़क के माध्यम से माल ढुलाई पर असर पड़ा है। निजी वाहनों के लिए लोगों को ईंधन की किल्लत हो रही है। युद्ध विराम होने पर भी लम्बे समय तक पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पटरी पर लाना मुश्किल होगा।

# नैनीताल में धूमधाम से मनाया फूलदेई पर्व

## महिलाएं बोली-बच्चों को बहुत भाता है पर्व, वर्षभर रहता है इंतजार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि उत्तराखंड का प्रसिद्ध लोक पर्व फूलदेई रविवार को पूरे उत्साह और परंपरागत रीति रिवाजों के साथ मनाया गया।

बता दें इस अवसर पर बच्चे फूलों से सजी थाल घर-घर जाते हैं और देहरी पर फूल व चावल बिखेरते हुए पारंपरिक लोकगीत फूल देई छममा देई, दैणी द्वार भर भकार गाकर घर की सुख.समृद्धि की कामना करते हैं। यह त्योहार मुखय रूप से बच्चों द्वारा मनाया जाता हैए इसलिए इसे लोक बाल पर्व भी कहा जाता हैं। फूलदेई के एक दिन पहले ही बच्चे जंगलों और बाग बगीचों से प्योली, बुरांश, बासिंग, आड़ू व खुबानी और मेहल जैसे रंग.बिरंगे फूल तोड ?र लाते है और रंग बिरंगी फूलों से थाली व टोकरी को सजाते हैं, गीत गाने के बदले में लोग बच्चों को दाल, चावल, गुड़ व घी और दक्षिणा देते हैं, पर्व को लेकर लीला साह ने बताया बसंत रितु के आगमन में फूलदेई त्यौहार मनाया जाता है,कहाकि बच्चें पहले दिन फूल तोड ?र लाते हैं और अपनी टोकरी को सजाते हैं, लेकिन समय के साथ बच्चों में अपने



त्यौहारों का उत्साह कम होते जा रहा हैं अपनी परम्परा को आगे बढ़ाना चाहिए जबकि स्वेता साह ने बताया बच्चों के लिए यह त्यौहार काफी खास होता है, बच्चों में उत्साह कम देखने को मिल रहा है, फूलदेई बच्चों का त्यौहार है बच्चें देहरी में फूल व चावल डालते हैं और फूल देई छमा देई का गीत गाते है जिसके बदले में बच्चों को उपहार दिया जाता है घर की सुख समृद्धि की कामना करते हैं। निशा भाटिया साह ने बताया छोटे बच्चों द्वारा फूल चावल की थाली सजाई गई है पहले से बच्चें दूसरे के घर पर भी फूल डालने जाते थे लेकिन अब बच्चों में उत्साह कम हो रहा है, फूल देई छममा देई भरी भकार कहकर घर की सुख समृद्धि की जाती है जिसके बाद बच्चों को गुड़ चावल व कुछ पैसे दिए जाते हैए आने वाली पीढ़ी को अपने संस्कृति के बारे में जानना चाहिए।

## रेट्रो साइलेंसर व रेस ड्राइविंग करने वालों पर पुलिस सख्त

नैनीताल । नगर में रेट्रो साइलेंसर लगी बाइकों और रेस ड्राइविंग से परेशान लोगों को राहत दिलाने के लिए पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सखत कार्रवाई शुरू कर दी है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस विशेष अभियान चलाकर नियम तोडने् वालों को रोक रही है। बताया जा रहा है कि शाम होते ही कुछ युवक बाइकों से मॉल रोड और अन्य क्षेत्रों में तेज रफतार से रेस ड्राइविंग करते हुए हुड़दंग मचाते हैं। बाइकों में लगाए गए रेट्रो साइलेंसर की तेज आवाज से स्थानीय लोगों और पर्यटकों की नींद हराम हो रही है। इसके अलावा तेज रफतार से बाइक चलाने के कारण सड ? पर चलने वाले अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने रेट्रो साइलेंसर लगी बाइकों और रेस ड्राइविंग करने वाले बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ऐसे वाहन चालकों को रोककर उनके खिलाफ चालान कर रही है।

# आपसी एकजुटता बनाये टैंट व्यवसाईःरवि जिंदल



हरिद्वार/हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड टैंट व्यापार एसोसिएशन द्वारा हरिद्वार स्थित रॉयल वृंदावन होटल में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के प्रथम दिवस पर ऑल इंडिया टैंट वेलफेयर सोसायटी का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें देश के 24 राज्यों से आए टैंट व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिंदल ने टैंट व्यापारियों से संगठन की मजबूती और आपसी एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर उत्तराखंड प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से दाऊ दयाल अग्रवाल (हरिद्वार) को प्रदेश अध्यक्ष तथा सुभाष यादव (देहरादून) को प्रदेश महामंत्री निर्वाचित किया गया।इसी क्रम में कुमाऊँ मंडल से हर्ष वर्द्धन पांडे (हल्द्वानी) को कुमाऊँ प्रभारी, प्रकाश भट्ट (हल्द्वानी) को प्रदेश संरक्षक तथा पुरन सिंह अधिकारी (अल्मोड़ा) को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

सम्मेलन में कुमाऊँ मंडल से नैनीताल जिलाध्यक्ष विमल तौलिया सहित गोपाल भट्ट, लक्ष्मण सिंह बिस्ट, धीरज पांडे, भोला भगत, हेम भगत, चंदन साह, प्रताप गोड़, गिरीश हैडिया, के. डी. जोशी, हरीओम गुप्ता सहित दर्जनों टैंट व्यापारियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कुमाऊँ से नवनिर्वाचित प्रदेश संरक्षक प्रकाश भट्ट तथा कुमाऊँ प्रभारी हर्ष वर्द्धन पांडे ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के हितों और टैंट व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव सक्रिय रहने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# फिल्मी दुनिया

## 98वें ऑस्कर अवॉर्ड

## ऑस्कर के रेड कारपेट पर छाए निक–प्रियंका



*98वें ऑस्कर अवॉर्ड की शाम रेड कार्पेट पर हॉलीवुड सेलेब्स ने अपना जलवा बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अमेरिका के हॉलीवुड स्थित डॉल्बी थिएटर में 98वें ऑस्कर अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया जा रहा है। फिलहाल अवॉर्ड सेरेमनी जारी है। इससे पहले रेड कार्पेट का आयोजन किया गया, जिसमें सितारों ने चार चांद लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आइए नजर डालते हैं हॉलीवुड स्टार्स की उन तस्वीरों पर जिन्होंने खींचा सबका ध्यान। इस साल सेरेमनी में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर शामिल हुईं। वे अपने पति निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं। एक्ट्रेस ने व्हाइट साइड स्लिट ड्रेस के साथ डायमंड जूलरी पहनी, वहीं सिंगर निक ब्लैक सूट में नजर आए। दोनों बेहद खूबसूरत लग रहे थे। हॉलीवुड एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो भी ब्लैक ब्लेजर में क्लासिक लुक के साथ अवॉर्ड समारोह में शामिल होने पहुंचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में ऐनी हैथवे भी शामिल हुईं। उन्होंने ब्लैक फ्लोरल ऑफ शोल्डर गाउन पहना था। इसके साथ उन्होंने नेकलेस और मैचिंग इयरिंग्स पहने। हॉलीवुड एक्ट्रेस एमा स्टोन भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान वो रेड कार्पेट पर व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत लग रहीं थीं।*

### क्रिस इवांस भी पत्नी के साथ पहुंचे

*कैप्टेन अमेरिका यानी क्रिस इवांस भी अपनी पत्नी अल्बा बैपटिस्टा के साथ अवॉर्ड सेरेमनी में शामिल हुए। दोनों साथ में काफी खुश दिखाई दिए। अमेरिकन एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर मरसाई मार्टिन भी इस अवॉर्ड सेरेमनी का हिस्सा बनीं। उन्होंने ब्राउन कलर की ड्रेस पहनी जो उनपर काफी सुंदर लग रही थी। टिमोथी चालमेट भी अपने कूल अंदाज में रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरते नजर आए।*

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के समापन पर कई कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के समापन पर ज्योति ग्रामीण विकास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका को अतुलनीय बताते कहा कि महिलाएं समाज के प्रति चिंतन करें और नई दिशा दें।शिक्षा बच्चों को संस्कारित बनाएए बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें।

संत एंथोनी इंटर कॉलेज के सभागार में मुखय अतिथि सब इंस्पेटर अंजुला जॉन, फादर डेरिक, सिस्टर मर्सलीना, शोभा व सीमा और ग्राम प्रधान नवल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। स्वागत गीत सांस्कृतिक और विविध विषयों पर प्रस्तुत कार्यक्रमों से धमाल मचाया। खचाखच भरे सभागार में न्याय पंचायत की ग्रामसभाओं के महिला समूहों की सदस्यों के साथ बड़ी संखया में महिलाएं उपस्थित थी। संचालन



मीनाक्षी ने किया। इस मौके पर कल्पना पॉल, ममता बरगली, गीता देवी आदि ने सहयोग किया। इस दौरान समिति के कार्यों व उपलबधियों तथा सक्रियता की लोगों ने सराहना की।

# जूट मार्क इंडिया योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

जूट मार्क इंडिया योजना के अंतर्गत होटल रिजेन्टा में जूट उद्योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय तथा राष्ट्रीय जूट बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें जूट आधारित उत्पादों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।



कार्यक्रम की मुखय अतिथि कुसुम कंडवाल अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तराखंड ने अपने संबोधन में कहा कि जूट जैसे प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद आज के समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि जूट उद्योग महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन सकता है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे जूट आधारित उत्पादों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्किकरण की दिशा में आगे आएं और महिलाओं द्वारा जूट से बने हुए उत्पादों की प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया और महिलाओं के कार्यों को खूब सराहा और कहा कि जूट उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि जूट आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। विशिष्ट अतिथि किशन सिंह घुघत्याल निदेशक राष्ट्रीय जूट बोर्ड ने जूट मार्क इंडिया योजना की जानकारी देते हुए कहा कि जूट उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान को बढ़ावा देने के लिए यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जूट पर्यावरण के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और बहुपयोगी फाइबर हैए जिसकी मांग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लगातार बढ़ रही है। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों में केएस मुरलीधरा संयुक्त निदेशक वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार शिल्पी चौहान उप निदेशक वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, सुनील नेवार निदेशक एमएसएमई देहरादून भी शामिल रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए उद्यमियों, विशेषज्ञों व प्रतिभागियों तथा जागरूक नागरिकों की भी उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान जूट उद्योग से जुड़े अवसरोंए जूट उत्पादों के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को जूट उद्योग के माध्यम से रोजगार और उद्यमिता के नए अवसरों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम का इवेंट मैनेजमेंट आपका बिजनेस सोल्यूशन्स द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की सूत्रधार रहीं डॉ. कंचन नेगी जो एक अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद एवं समाज सेविका हैं। उनके प्रभावशाली संचालन ने पूरे कार्यक्रम को गरिमामय और प्रेरणादायक बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने जूट उद्योग को बढ़ावा देनेए पर्यावरण संरक्षण को अपनाने तथा महिला सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अभिषेक शर्मा गुणवत्ता आश्वासन अधिकारी वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, अनिल चंदोला, डॉ कंचन नेगी,आयुषी , केशव, हरी ओम, अंकित, आँचल ,दीपांशु, प्रियांशु तथा स्वयं सहायता समूह की महिलायें ए आदि रहे।

## News कॉर्नर

### ट्रेन की चपेट में आने से टैंपो स्टैंड के मुंशी की मौत

रुद्रपुर। रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर टैंपो स्टैंड के मुंशी की मौत हो गई। इसका पता चलते ही स्वजन में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, भूरारानी खुशी इनक्लेव वार्ड 31 निवासी 26 वर्षीय करन खेड़ा पुत्र ललित खेड़ा रुद्रपुर टैंपो स्टैंड में मुंशी था। बताया जा रहा है कि रविवार रात वह किसी काम से कहीं गया हुआ था। रात 12 बजे के आसपास रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के पास वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसके दोनों पैर कट गए और गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना भारत सेवा टीम के सदस्यों को दी। मौके पर पहुंचे सदस्यों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# बजट सत्र के बाद विधायक सुमित हृदयेश का हुआ जोरदार स्वागत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे उत्तराखंड के जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में प्रमुखता और मजबूती से उठाने पर आज विधायक सुमित हृदयेश के हल्द्वानी स्थित निज आवास पर कांग्रेसजनों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों और क्षेत्रवासियों ने विधायक सुमित हृदयेश द्वारा जनहित के मुद्दों को लगातार विधानसभा में उठाए जाने की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा जनता की आवाज को सदन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान कार्ड एवं गोल्डन कार्ड योजना में खामियों, एलपीजी गैस किल्लत, खिलाड़ियों और युवाओं के रोजगार सहित आमजन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को जिस मजबूती के साथ विधायक सुमित हृदयेश द्वारा सदन में उठाया गया है, वह एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने सभी कांग्रेसजनों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भावुक शब्दों में कहा कि हल्द्वानी की जनता ने जो विश्वास और स्नेह उन्हें दिया है, वही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज को सदन तक पहुँचाना उनका कर्तव्य है और वे आगे भी हल्द्वानी सहित पूरे उत्तराखंड की जनता से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में पूरी मजबूती के साथ उठाते रहेंगे। स्वागत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, हेमन्त बगड़वाल, एन.बी. गुणवंत, नरेश अग्रवाल, मलय बिष्ट, मयंक भट्ट, राजेन्द्र बिष्ट, गोविंद बिष्ट, पार्षद मुकुल बलुटिया, महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, शोभा बिष्ट, पार्षद भागीरथी बिष्ट, निर्मला जोशी, बिमला सांगुड़ी, रत्ना श्रीवास्तव, अल्का आर्य, गीता बहुगुणा, रेनू तोमर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# उत्तरी गौला वन विभाग द्वारा गोष्ठी का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वन विभाग गेस्ट हाउस में उत्तरी गौला वन विभाग द्वारा गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें वनों को आग से बचाने समेत पंचायतों के उद्देश्य, पंचायतों के उत्तरदायित्व तथा मानव वन्य जीव संघर्ष आदि पर विस्तार पर जानकारी दी।

इस मौके पर मुखय अतिथि के रूप कोट सेल प्रभारी भगवती प्रसाद जोशी रहें जिसकी अध्यक्षता वन क्षेत्राधिकारी विजय चंद्र भट्ट ने की। भट्ट में कहा कि प्रतिनिधि एवं ग्रामीण वनों को आग से बचाने में वन विभाग का पूरा सहयोग करें। वनों को बचाने से काफ ी लाभ हैं वन अगर बचेंगे तो जंगली जानवर भी आबादी की ओर रुख नहीं करेंगे। उन्होंने वन कर्मियों को भी निर्देशित किया आग लगने की सूचना पर तत्काल जाकर कंट्रोल करें। मानव वन्य जीव संघर्ष पर जरुरी टिप्स भी बताएं।

इस दौरान बलॉक प्रमुख भावना समेत ललित मोहन शर्मा, पूरन चंद्र मेलकानी, अभय कुमार, सुखदेव राणा, कृपाल राणा, संजय टमटा व सुनील पुरोहित, सतीश चंद्र व पीतांबर मेलकानी आदि मौजूद रहे।



# विश्वविद्यालय कर्मियों की मांग के निस्तारण हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की पहल पर उत्तराखंड शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय विश्वविद्यालयों में कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु सोमवार (आज) को देहरादून सचिवालय में सचिव स्तरीय वार्ता का आयोजन किया गया है, जिसमें संगठन के साथ ही विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को भी आमंत्रित किया गया है।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला और प्रदेश महामंत्री प्रशांत मेहता ने उच्च शिक्षा सचिव का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संगठन के 11 सूत्रीय मांग पत्र की समीक्षा हेतु संगठन द्वारा सचिव का अनुरोध किया गया था जिस क्रम में शासन द्वारा सोमवार (आज) को एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया है जिसमें संगठन के साथ ही उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित देहरादून स्थित दून विश्वविद्यालय, टिहरी स्थित श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, हल्द्वानी स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय और अल्मोड़ा स्थित सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलसचिवों को भी मांग पत्र पर विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्रवाई के साथ आमंत्रित किया है। पदाधिकारियों ने शासन की पहल का स्वागत करते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सभी विश्वविद्यालयों में शासन द्वारा सृजित कुल पदों के सापेक्ष वर्तमान में 50 प्रतिशत से भी कम कर्मचारी कार्यरत हैं, अतः रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति संगठन की प्रमुख मांग है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालयों में राजकीय सेवाओं के समान स्टॉफिंग पैटर्न की व्यवस्था लागू करने, एकल पदों के पुनर्गठन, एक समान पदों पर एक समान व्यवस्था, कुलसचिव संवर्ग के वेतन उच्चीकरण, समस्त विश्वविद्यालयों में कार्मिक सेवा नियमावली 10,16 व 26 वर्ष में एमएसपी की व्यवस्था, समस्त विश्वविद्यालयों में गोल्डन कार्ड योजना के क्रियान्वयन, विश्वविद्यालय कार्य परिषद में कार्यरत कर्मचारियों हेतु एक पद एवं कार्मिकों को समयबद्ध प्रशिक्षण की व्यवस्था करने की मांग की गई है। इसके निराकरण हेतु शासन द्वारा पूर्व में भी बैठक आयोजित की गई है इसी क्रम में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में संगठन की तरफ से अध्यक्ष व महामंत्री के अतिरिक्त उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## द्वाराहाट में उक्रांद ने पर्यटन मंत्री का फूंका पुतला

अल्मोड़ा। उत्तराखंड क्रांति दल ने रविवार को मुख्य चौराहे पर प्रदेश सरकार पर्यटन मंत्री का पुतला फूंका। वहीं विरोध में नारे लगा उक्रांद नेताओं के खिलाफ मुकदमों को वापस लेने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि गैरसैंण सत्र के विधानसभा घेराव के बाद पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के गैरसैंण को लेकर दिए गए बयान पर विधायकों से वार्ता करने के लिए सड़कों पर उक्रांद के नेता उतरे थे।

# मरम्मत कार्य के बाद फैला मलबा नहीं हटाया, आवाजाही में परेशानी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल स्थित डीएसए भवन के बगल में ग्रामीण अभियंत्रण सेवा (आरईएस) की ओर से करीब दो से तीन महीने पूर्व दीवारों की मरम्मत का कार्य कराया गया था।

मरम्मत कार्य के दौरान निकला मलबा अब तक क्षेत्र से नहीं हटाया गया है जिससे लोगों व प्रशिक्षण के लिए पहुंचने वाले बच्चों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें मस्जिद से नीचे उतरने वाली सीढियों के सामने मलबे के ढेर लगे हुए हैं। यह मार्ग डीएस मैदान की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता हैए जहां से रोजाना बड़ी संखया में खिलाड़ी और सुबह खेल प्रशिक्षण के लिए पहुंचने वाले बच्चे गुजरते हैं। मलबा फैला होने के कारण उन्हें आने जाने में दिक्कतें हो रही हैं और हादसे का भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से मलबा पड़े रहने से क्षेत्र में गंदगी भी फैल रही है लेकिन प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से इसे हटाने की अब तक कोई पहल नहीं की गई है। इससे खिलाडियों, बच्चों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से जल्द मलबा हटवाकर मार्ग को साफ कराने की मांग की हैए ताकि खिलाडियों और बच्चों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। संबंधित विभाग को निर्देश देकर जल्द ही मलबा हटवाया जाएगा और क्षेत्र की सफाई कराई जाएगी।

# नैनीताल में तीसरे दिन लिटरेचर फेस्टिवल का हुआ समापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सेलिंग विथ स्टोरीज थीम के साथ आयोजित नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल के तीसरे और अंतिम दिन विविध विषयों पर केंद्रित सत्रों, पुस्तक विमोचन और साहित्यिक चर्चाओं के साथ समृद्ध बौद्धिक माहौल देखने को मिला। दिनभर चले सत्रों में साहित्य, इतिहास, सिनेमा व समाज और भाषा से जुड़े अनेक पहलुओं पर विचार विमर्श हुआ, जिसमें देश के प्रतिष्ठित लेखक व चिंतक और कलाकार शामिल हुए।



पहले सत्र में ग्रचरण दास, सुभाषिनी अली, भूपेंद्र चौबे, जॉन जुब्रिस्की और पुष्पेश पंत ने भाग लिया। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि इतिहास को केवल तथ्यों के रूप में नहीं, बल्कि आलोचनात्मक दृष्टि से समझने की आवश्यकता है।दूसरे सत्र में लेखक अमिताभ बागची ने समीर संधीर के साथ संवाद किया। इस दौरान अमिताभ बागची ने शहरों, स्मृतियों और मानवीय अनुभवों के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। तीसरे सत्र मे गुरचरण दास ने अलका पांडे के साथ संवाद करते हुए भारतीय दर्शन में वर्णित चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ काम और मोक्ष के संदर्भ में जीवन के उद्देश्य और संतुलन पर विचार रखे। चौथे में फि ल्म निर्देशक विभु पुरी ने देविका अरोरा के साथ बातचीत में कहानी कहने की कला, पटकथा लेखन और सिनेमा की रचनात्मक प्रक्रिया के बारे में चर्चा की।

दोपहर बाद आयोजित सत्र लौहूँ उसी गुलाब तक में अमिताभ सिंह बघेल ने अशोक पांडे के साथ बातचीत में बीसवीं सदी के महान फ़िलिस्तीनी कवि महमूद दरवेश की कविताओं के हिंदी अनुवाद और उनकी काव्य.दृष्टि पर चर्चा की।इसके पश्चात सबा ने दीपक बलानी के साथ संवाद करते हुए उर्दू भाषा की खूबसूरती और उसके रचनात्मक प्रयोगों पर बात की।

इस सत्र में भाषाए कविता और सोशल मीडिया के माध्यम से उर्दू की नई अभिव्यक्तियों पर रोचक चर्चा हुई।दिन के अंत में फेस्टिवल की टीम दवारा औपचारिक वोट ऑफ थैंकस प्रस्तुत किया गया।